रोजगार सृजन पर अतिरिक्त जानकारी:

मुंबई अहमदाबाद एचएसआर परियोजना, परियोजना के निर्माण चरण के दौरान विभिन्न श्रेणियों में 90,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेगी जिससे देश का विकास और तरक़्क़ी होगी। विभिन्न निर्माण संबंधी गतिविधियों के लिए 51000 से अधिक तकनीशियनों, कुशल और अकुशल कार्यबल की आवश्यकता होगी। एनएचएसआरसीएल पहले से ही विभिन्न प्रकार के निर्माण संबंधित विषयों जैसे छड़ मोड़ना, टाइल बिछाना, निर्माण विद्युत कार्य, कंक्रीटिंग, पलस्तर आदि में अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान करने और रोजगार में सुधार और बेहतर कमाई के लिए संभावनाओं को तलाश रहा है।

ट्रैक बिछाने के लिए आवश्यक विशेष प्रशिक्षण भी एनएचएसआरसीएल द्वारा ठेकेदार के कर्मचारियों को दिया जाएगा।

एमएएचएसआर (MAHSR) परियोजना के निर्माण चरण के दौरान 34000 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। 460 किमी लंबी वियाडक्ट, 26 किमी लंबी सुरंगों को बनाने के लिए 75 लाख मीट्रिक टन सीमेंट और 21 लाख मीट्रिक टन स्टील की खपत होने की उम्मीद है, जिसमें 7 किमी लंबी सुरंग, 27 स्टील के पुल, 12 स्टेशन और कई सहायक सुपर स्ट्रक्चर शामिल हैं। ये उद्योग विभिन्न श्रेणियों, लिंक की गई आपूर्ति श्रृंखला और संबद्ध सेवाओं में रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे।

कुछ महत्वपूर्ण निर्माण संबंधी निविदाओं को अगले कुछ महीनों में खोला और अंतिम रूप दिया जाएगा, जिससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। ये निविदाएँ वियाडक्ट्स, ब्रिज, मेंटेनेंस डिपो, स्टेशन (वापी, बिलिमोरा, सूरत और भरूच) और सूरत डिपो, लगभग 237 किलोमीटर) में सिविल और बिल्डिंग वर्क्स का डिजाइन और निर्माण, वडोदरा और अहमदाबाद लगभग 88 किलोमीटर) के बीच वियाडक्ट एंड ब्रिज, क्रॉसिंग ब्रिज, मेंटेनेंस डिपो और स्टेशन (आनंद / नडियाद) से जुड़े सिविल और बिल्डिंग वर्क्स का डिजाइन और निर्माण और सड़कें / नदियाँ / रेलवे / अन्य संरचनाएँ पार करने के लिए हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के 33 पुलों के लिए खरीद, फैब्रिकैशन, चेक-असेम्ब्ली के लिए हैं।

परियोजना के लिए 64% से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया गया है जिसमें गुजरात और डीएनएच में 82% से अधिक और महाराष्ट्र में लगभग 23% शामिल हैं।

सुषमा गौड़
प्रवक्ता, एनएचएसआरसीएल